तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 मई 2024



11 गृहस्थ जीवन की मधुरता संयम और मर्यादा में...





12 प्रतिबंधित लाल ईंटों का खुलेआम हो रहा उपयोग






## खबर संक्षेप



### खेतों की जोताई और समतलीकरण शुरू

**मैनपुर।** बेमौसम बारिश के साथ ही क्षेत्र के किसान इन दिनों खरीफ फसल की तैयारी में जुट गये है, कई किसान खेत खलियान की समतलीकरण ट्रैक्टर के माध्यम से कर रहे है, तो वहीं परम्परानुसार अक्ति त्योहार के अवसर पर धान की बोआई का कार्य का शुभांरभ किया गया है। इन दिनों किसान खेतों में समतलीकरण के साथ ही गोबर खाद डालने का कार्य प्रारंभ किया गया है तो वहीं कई किसानों द्वारा लगातार बैंक और कृषि कार्यलय का चक्कर लगाते दिखाई दे रहे हैं किसान कृषि ऋण और खाद बीज के लिए अभी से पुरी तरह तैयारी में जुट गये है।

### कार पलटी बाल बाल बचे सवार



**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में मैनपुर से 22 किलोमीटर दुर नेशनल हाईवे तौरेंगा के पास एक कार पलट गई इस कार में सवार देवभोग के वरिष्ठ नागरिक बाल बाल बचे और सभी सकुशल है।

### जगदीशपुर में पिकअप ने कार को मारी ठोकर

**महासमुंद।** मेन रोड जगदीशपुर बसना में एक पिकअप ने कार को टक्कर मार दिया। बसना पुलिस को प्रार्थी धनीराम प्रधान पिता गजाधर प्रधान (35) निवासी श्रीरामपुर सांकरा ने बताया कि पिकअप क्र सीजी 06 जीएल 8595 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए कार क्र सीजी 06 जीजेड 5669 को टक्कर मार दिया। जिससे प्रार्थी को चोटें आई। मामले में आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

### दहेज के नाम पर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** दहेज में गाड़ी व पैसा नहीं लाने की बात कहकर एक महिला से उसके साथ पति, सास सहित तीन लोगों ने मारपीट की। प्रार्थिया कृष्ण सोई पति राजेश सोई (26) निवासी ढोढरकसा ने सांकरा पुलिस को बताया कि आरोपी राजेश सोई, बिलास सोई, नुराधन सोई ने दहेज में गाड़ी, पैसा नहीं लाई हो कहकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट व जान से मारने की धमकी दी।

### शराब की अवैध बिक्री, दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में दो लोगों पर कार्रवाई की है। आरोपी मित्रभानु मिंज पिता सोनू मिंज (45) निवासी मुरमुरी के कब्जे से 10000 एएल कीमत 2000 रुपए, वहीं दुखनाशन सामरथ पिता नरसिंह (30) मुरमुरी के कब्जे से 10000 एमएल कीमत 2000 रुपए को जब्त किया।

### युवक ने लगाई फांसी हुई मौत

**महासमुंद।** सरायपाली के वार्ड नं. 11 याशीन कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 14-15 मई की रात पीयूष साहू पिता विक्रम साहू (19) निवासी वार्ड नं. 11 याशीन कॉलोनी सरायपाली ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# भवनविहीन शोभा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों व मरीजों का हाल-बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के एक बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है और तो और छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 24 वर्षों बाद भी हजारों ग्रामीण इलाज कराने स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने के लिए दूसरे प्रदेश ओड़िशा राज्य पर निर्भर रहते हैं। इससे दुर्भाग्यजनक स्थिति और क्या हो सकती है। यह स्थिति तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 25 किमी दूर ग्राम पंचायत शोभा मुख्यालय का है। जहां 8 वर्ष पहले राज्य सरकार द्वारा शोभा मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की घोषणा तो कर दिया गया और सरकारी रिकॉर्ड में यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित भी हो रहा है। लेकिन आज तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए न तो भवन का निर्माण किया गया और न ही कोई डॉक्टर की व्यवस्था की गई। जिसके कारण राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत शोभा, अड़गड़ी, गौरगांव, गरहाडीह, कोकड़ी, गोना, भुतबेड़ा, कुचेंगा आठ ग्राम पंचायतों के लगभग 60 ग्राम पारा टोला के लगभग 40 हजार आदिवासी ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा जो मिलनी चाहिए आज भी नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध मे चर्चा करने पर विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव ▶▶|शेष पेज 11 पर

## 60 ग्रामों के लगभग हजारों आदिवासियों को नहीं मिल रही हैं सुविधाएं

### स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के दावे फेल

एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा दुरस्थ वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर उपलब्ध कराने के दावे किये जाते हैं। जिसकी जमीनी हकीकत मैनपुर क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव ईलाके में देखा जा सकता है। आज भी यहां गंभीर रूप से दुर्घटना व वन्यप्राणियों के शिकार घायल ग्रामीणों एवं गर्भवती महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बारिश के दिनों में तो यह समस्या दुगुना हो जाता है, क्योंकि क्षेत्र में नदी नालों में पुल निर्माण नहीं होने के कारण समय पर मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक समय पर नहीं पहुंच पाने से कई बार अकाल मृत्यु का भी डर बना रहता है। इस क्षेत्र के अधिकांश गांव और पारा टोला के लोग झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे रहते हैं और यह डॉक्टर भी ओडिशा प्रदेश से आकर बकायदा ठेके मे इलाज करते है।



### संजीवनी एक्सप्रेस की मांग

राजापडाव गौरगांव क्षेत्र लगभग 25 से 30 किलोमीटर ऐरिया में फैला हुआ है और ओडिसा सीमा से लगा हुआ है। इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा की हालत बेहद खराब है, जिसके कारण आज भी यहां के ग्रामीणों को ईलाज कराने के लिए ओडिसा प्रदेश पर निर्भर रहना पड़ता है, समय पर वाहन की सुविधा नहीं होने पर गर्भवती माताओं और घटना तथा दुर्घटना में बेहद गंभीर स्थिति निर्मित हो जाती है, यहां के ग्रामीणों ने शोभा में संजीवनी एक्सप्रेस या एम्बुलेंस व्यवस्था की मांग किया है।

## निरीक्षण : कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र, प्रधानमंत्री आवास एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

# सुपेबेड़ा की तेल नदी में निर्माणाधीन वाटर फिल्टर प्लांट को शीघ्र पूर्ण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

- कलेक्टर माड़ागांव दीवानमुड़ा झाखरपारा एवं सूपेबेड़ा का किया सघन दौरा

देवभोग के दूरस्थ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने माड़ागांव, दीवानमुड़ा, झाखरपारा एवं सुपेबेड़ा का सघन दौरा कर उन्होंने सभी जगहों पर जाकर निर्माणाधीन कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही जनसुविधाओं के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने ग्राम माड़ागांव पहुंचकर आंगनबाड़ी भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, के तहत स्वीकृत कार्यो की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन कुछ वर्षो से अपूर्ण है तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर स्थिति होने पर उसे जीर्णोद्धार करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिये। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पूर्ण-अपूर्ण कार्यो की जानकारी ली। इस पर बताया गया कि कुछ हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि स्वीकृत होने के उपरांत भी आवास प्रारंभ नहीं किया जा रहा है। इस पर संबंधित हितग्राहियों को नोटिस जारी करने को कहा।

इसी प्रकार कलेक्टर अग्रवाल ने दीवानमुड़ा एवं झाखरपारा के उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर अग्रवाल ने उप स्वास्थ्य केन्द्रों में पहुंचकर संस्थागत प्रसव की जानकारी ली। उन्होंने संस्थागत प्रसव के लिए ▶▶|शेष पेज 11 पर





### पटवारी को अतिक्रमण की जानकारी नहीं होने पर कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर ने ग्राम सुपेबेड़ा में पानी टंकी के समीप वितरण केन्द्र स्थापित करने के लिए नक्शा खसरा उपलब्ध कराने तहसीलदार देवभोग को निर्देश दिये। इसी तरह ग्राम सुपेबेड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत निर्माण आवास कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र सुपेबेड़ा में कार्य बंद मिलने पर सीजीएमएससी को कार्य प्रारंभ करने निर्देशित किया गया। सुपेबेड़ा के हल्का पटवारी को अतिक्रमण की जानकारी नहीं होने पर कारण बाताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही सरपंच को शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले को हटाने के निर्देश दिये। सुपेबेड़ा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्माणाधीन 70 हजार लीटर पानी टंकी के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने संबंधित अधिकारी को कहा। साथ ही सुपेबेड़ा के तेल नदी में निर्माणाधीन वाटर फिल्टर प्लांट को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव, एसडीएम हितेश पिस्दा, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बीएस पैकरा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।





### 300 घरों तक नल के माध्यम से पानी पहुंच रहा

ग्राम दीवानमुड़ा एवं झाखरपारा के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवास योजना को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। कुछ हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि स्वीकृत होने के उपरांत भी आवास प्रारंभ नहीं किया जा रहा है। इस पर संबंधित हितग्राहियों को नोटिस जारी करने को कहा। ग्राम दीवानमुडा अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस पर बताया गया कि वर्तमान में ग्राम दीवानमुड़ा के 300 घरों तक नल के माध्यम से पानी पहुंच रहा है। शेष घरों पर जल्द पानी पहुंचाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड देवभोग को निर्देशित किया गया।

## पाइप बिछाने सड़क तोड़ी, आवागमन हो रहा प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम मड़ेली में जल जीवन मिशन योजना के तहत ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए सीसी रोड को जेसीबी मशीन से जगह - जगह तोड़ा दिया गया है। और तोड़े गए सीसी रोड़ के मलबे को सड़क किनारे रख दिया गया है। जिसे अभी तक नहीं हटाया गया है, जिससे आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है, हालाकि संबंधित ठेकेदार द्वारा सीसी रोड़ तोड़ने के बाद निरीक्षण में आए। लेकिन मलबों और बोल्डर को नहीं हटाने से खासकर रात के समय में दुर्घटना का शिकार हो रहे है। ऐसे में कई जगह स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है।

## वेटलिफ्टिंग समर कैंप का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के खिलाड़ियों को खेल विधा से परिचय कराने व खेल की तकनीकी ज्ञान से अवगत कराने 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 15 मई से 4 जून तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत वेटलिफ्टिंग समर कैम्प का विधिवत औपचारिक उद्घाटन स्थानीय वेटलिफ्टिंग जिम में किया गया। इस अवसर पर भोलेशंकर जायसवाल सभापति नगर पंचायत, यशवंत यादव कार्यकारिणी सदस्य छग प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ एवं जिलाध्यक्ष गरियाबंद भारोत्तोलन संघ, विनोद देवांगन जिला भारोत्तोलन संघ, ललित कुमार साहू संचालक नेशंस प्राइड पब्लिक स्कूल, समाजसेवीगण शीतल ध्रुव, रुपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर, शिक्षक गण रुपेश शर्मा, मोहन ध्रुव, परागा ध्रुव शिक्षिका की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## बांस, बल्ली की कमी, वर्षा पूर्व मकान मरमत ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

- खपरैल भी नहीं मिल रहे हैं लोगों को

मानसून का आगमन 10 जून के बाद होता है। इस तरह से देखा जा तो मानसून के आने से मुश्किल से तीन हफ्ते की देरी है। जिसकी तैयारी किसान और ग्रामीण लोग कर रहे हैं। पक्के मकानों के निवासियों को इसकी चिंता नहीं है लेकिन कच्चे तथा खपरैल के मकानों में रहने वालों को बरसात पूर्व जबरदस्त तैयारी करनी पड़ती है। इसी तारतम्य में कच्चे मकानों की दीवालों को सुधार जा रहा है। वहीं टूटे फ़ूटे खपरैल को बदलकर नया खपरैल लगाया जा रहा है तथा अधूरे पड़े मकानों को पूरा किया जा रहा है। मकान बनाने के लिए लोगों को बांस बल्ली नहीं मिल रही है। लोग इसके लिए यहां वहां भटक रहे हैं। शासकीय वन काष्ठागार रसेला में बांस बल्ली नहीं आती है। पहले आते थे अब शासन द्वारा भेजना बंद कर दिया है। जबकि जरूरमंद किसान यहां वहां भटकते रहते हैं। बांस बल्ली नहीं आने के कारण लोग जंगल से लड़की लाकर मकान बना रहे हैं। पत्ते सिंह राजपूत, युवराज यादव, नंदकिशोर यादव, अशोक सेन का कहना है कि बरसात के आने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। बरसात पूर्व मकानों की टूट फूट की मरम्मत करवा रहे हैं। जिसके लिए बांस बल्ली और खपरैल की सख्त जरूरत है। जो रसेला वन डीपो में नहीं है। जबकि समय समय पर बांस बल्ली मंगवा जा रहा है। जब हम लोगों को इसकी जरूरत है तो हमें उपलब्ध नहीं हो रहा है। पिछले तीन चार वर्षों से कुम्हार एवं अन्य व्यक्ति भी खपरैल नहीं बना रहे हैं। इस कारण नए खपरे का टोटा बना हुआ है। एक नग खपरैल की कीमत 1 रूपए पड़ रहा है। खपरा प्रति सैकड़ा सौ रूपए तक मिल रहा है। वहीं खपरैल की मरम्मत करने वाले की रोजी 300 रूपए ले रहे हैं। वहीं बंदरों के कारण खपरैल वाले मकान के लोग बड़े परेशान रहते हैं। गांवों में बारहों महीने बंदरों का डेरा रहता है। बंदरों का दल उछल कूद कर खपरो को तहस-नहस कर देते हैं। जिसके कारण हर वर्ष मरम्मत करवाने में 5 से 6 हजार रुपए खर्च हो जाता है।



## जनजागरुकता के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया

# कूलर, पानी टंकी व फ्रीज ट्रे को सप्ताह में साफ करें : डॉ. पॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मच्छर जनित बीमारियों में मलेरिया की तरह ही डेंगू भी बहुत घातक बीमारी है, एक समय था जब डेंगू के बारे में केवल महानगरों में निवासरत आमजन ही जानते थे, लेकिन यह बीमारी धीरे-धीरे छोटे शहरों और गांवो तक अपना पैर पसार चुका है। डेंगू बीमारी एडीज़ एजिप्टी नामक मादा मच्छर के काटने से होता है। डेंगू बीमारी से बचाव व रोकथाम के लिये जनजागरुकता हेतु प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गार्गी यदु पॉल के निर्देशानुसार जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में जन सामान्य को जागरुक करने हेतु आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया एवं सीएमएचओ कार्यालय में भी सीएमएचओ सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में जनजागरुकता हेतु राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पॉल ने डेंगू बीमारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि डेंगू बीमारी एडीज़ एजिप्टी नामक मादा मच्छर के काटने से होती है, जो केवल दिन में काटता है। इस मच्छर के शरीर में सफेद धारियां होता है। जिसके कारण इसे टाइगर मच्छर भी कहा जाता है। यह मच्छर ज्यादा उचांई तक नहीं उड़ पाता है। डेंगू के प्रमुख लक्षणों में अचानक तेज सिर दर्द व बुखार, मांसपेशी व जोड़ो में दर्द होना, आंखो के पीछे दर्द होना, जी-मिचलाना या उल्टी होना, त्वचा पर चकते उभरना, और गंभीर मामलों में नाक, मुंह, मसुडों से खुन आता है। इस बीमारी में मनुष्य के खुन में प्लेटलेट्स कम हो जाता है।



### घरों के दरवाजों व खिड़कियों में जाली पर्दे लगाकर रखें

डेंगू की रोकथाम और बचाव के उपाय हेतु मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण व प्रजनन स्थलों को नष्ट करके डेंगू मलेरिया से बचा जा सकता है। इसके लार्वा कूलर, पानी टंकी, फ्रीज ट्रे, फूलदान इत्यादि के स्थिर पानी में ही पनपता है। अतः इन्हें प्रति सप्ताह खाली करके साफ रखना चाहिए। घर के आसपास रुके हुए पानी में केरोसिन या जला हुआ ऑयल डालकर मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सकता है। नारियल का खोल, टुटे बर्तन, टायरों में पानी जमा नहीं होने देना चाहिये। घरों के अन्दर मच्छर अगरबत्ती का उपयोग करें। घरों के दरवाजों व खिड़कियों में जाली पर्दे लगाकर रखना चाहिए, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। घर से बाहर निकलते समय लम्बी बाजु के कपडें, पेंट व मोजे पहनना चाहिये, अथवा त्वचा में ओडोमॉस मॉसक्टि रिपलेंट क्रीम का उपयोग भी किया जा सकता है।

## अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल पर कुछ सामग्री ले जाने की होगी अनुमति

**गरियाबंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना दिवस के दिवस आवश्यक व्यवस्था करने के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारी ▶▶|शेष पेज 11 पर


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया कला केंद्र का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बुधवार को कला केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलाकारों से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कला केंद्र का उद्देश्य शहर के कलाकारों को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के इच्छुक लोगों को सीखने का मंच प्रदान करना है। विदित हो कि कला केंद्र में गायन, वादन, ड्राइंग, गिटार, बांसुरी, तबला, ड्रम आदि विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केंद्र में रिकॉर्डिंग स्टूडियो भी है, जिसमें रिकॉर्डिंग की सुविधा है। कलेक्टर ने परिसर के पार्किंग स्थल और स्वीमिंग पूल परिसर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, रोजगार अधिकारी केदार पटेल, डिप्टी कलेक्टर अभिलाषा पैकरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### छाया और अनिला शिमला लोकसभा की ऑब्जर्वर नियुक्त




**रायपुर।** एआईसीसी ने पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा और पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को लोकसभा चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश में ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। एआईसीसी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, छाया वर्मा को शिमला लोकसभा क्षेत्र में चौपाल विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को शिमला लोकसभा क्षेत्र में ठियोग विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### योजनाएं बंद-बैंक खाता चालू वित्त विभाग ने मांगा हिसाब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरकार की कई ऐसी योजनाएं जो पूर्व में संचालित थीं, लेकिन अब बंद हो चुकी हैं, लेकिन इन योजनाओं से संबंधित बैंक खाते चालू हैं। सरकार के वित्त विभाग को यह जानकारी मिलने के बाद राज्य के सभी प्रमुख अधिकारियों को पत्र भेजकर बंद योजनाओं में रुकी राशि का ब्योरा देने के लिए कहा गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वित्त विभाग के संज्ञान में आया है कि पूर्व में संचालित लेकिन वर्तमान में बंद विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त राशि के विरुद्ध अव्यतित राशि बैंक खातों में शेष में उपलब्ध हैं। उनका संधान अभी राज्य एवं मैदानी कार्यालयों द्वारा किया जा रहा है। विभागों से कहा गया है कि वर्तमान में बंद योजनाओं के विरुद्ध बैंक खातों में शेष अव्यतित राशि तत्काल प्रभाव से राज्य शासन के खाते में जमा कराएं।

### गोदड़ीवाला धाम में मनाया साओ मंगल

**रायपुर।** गोदड़ीवाला धाम में बुधवार को साओ मंगल का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सत्संग-कीर्तन के बाद पल्लव साहव के बाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में सेवादारी हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, सुनील काशवानी, महेश हरजानी, शिवा खुबचंदानी, दीपक कारा, मंघाराम कुकरेजा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### अरुण बने किसान कल्याण संघ के अध्यक्ष

**जगदलपुर।** बस्तर किसान कल्याण संघ की नई कार्यकारिणी का गठन गुरुवार को किया गया। पूर्व की कमेटी के कार्यकाल के समाप्त होने पर आज किसान कल्याण संघ की बैठक बुलाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से अरुण त्रिपाठी को अध्यक्ष, जोगेंद्र चंद्राकर एवं लखीधर बघेल को उपाध्यक्ष, जितेंद्र खत्री को सचिव, मनोज टांक सहसचिव और रमेश चावड़ा को कोषाध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्मति से चुना गया।

# दिव्यांगजनों पर सरकार मेहरबान, अब नौकरी देने के लिए वित्त विभाग की अनुमति नहीं लेनी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के दिव्यांगजनों पर मेहरबान है। सरकार के वित्त विभाग ने एक ताजा आदेश में साफ किया है कि दिव्यांगजनों के लिए खाली पदों के बैकलॉग की पूर्ति के लिए विभागों द्वारा विशेष भर्ती अभियान के तहत नियुक्तियों के लिए अब वित्त विभाग की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। वित्त विभाग के संयुक्त सचिव ने इस संबंध में एक आदेश शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी संभागायुक्त,सभी विभागाध्यक्ष और सभी कलेक्टरों के लिए जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि दिव्यांगों के लिए विशेष भर्ती अभियान के लिए यह शिथिलता 31 मार्च 2025 तक के लिए लागू रहेगी।

## 10 मई के आदेश में वित्त विभाग की अनुमति अनिवार्य थी



### इसलिए जारी हुआ आदेश

दरअसल सरकार के वित्त विभाग ने पांच दिन पहले ही 10 मई को एक आदेश जारी किया था। इस आदेश में कहा गया था कि लोकसेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले सीधी भर्ती के रिक्त पदों एवं अनुकंपा नियुक्ति के पदों को छोड़कर शेश सभी सीधी भर्ती के खाली पदों को भरने के पहले वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त करने के निर्देश हैं। इस संबंध में वित्त वर्ष 2024-25 से लोकसेवा आयोग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली संयुक्त राज्य सेवा परीक्षा में शामिल पदों को छोड़कर विभागों में राज्य लोकसेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले अन्य पगों पर भर्ती शुरु करने के पहले वित्त विभाग की अनुमति आवश्यक होगी।

### विचार के बाद बदला आदेश

वित्त विभाग ने इसी मामले को लेकर 14 मई को एक और आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि पूर्व में जारी निर्देशों में आंशिक शिथिलीकरण करते हुए दिव्यांगजनों के लिए खाली पदों के बैकलॉग पदों की पूर्ति के लिए विभागों के विशेष भर्ती अभियान के तहत नियुक्तियों के लिए वित्त विभाग की पूर्व अनुमति की आवश्यकता को समाप्त किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस फैसले के साथ सरकार राज्य के दिव्यांगों पर मेहरबान हुई है।

### बीजापुर वनमंडल में खराब मौसम की वजह से खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई

# बेमौसम बारिश के कारण तेंदूपत्ता की गुणवत्ता प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बस्तर में मौसम में आए बदलाव की वजह से अंधड़ और बारिश के कारण तेंदूपत्ता की खरीदी प्रभावित हो रही है। बस्तर वन वृत के चारो वन मंडल बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में इस सीजन में पौने तीन लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक तीन वन मंडल सुकमा, दंतेवाड़ा और बस्तर में केवल 77 हजार 475 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हो पाई है। वहीं बीजापुर वन मंडल के फड़ में खराब मौसम की वजह से तेंदूपत्ता की खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई है।

छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता का संग्रहण 31 जिला वनोपज सहकारी यूनियन एवं 902 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से चल रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में प्रदेश के 12.50 लाख संग्राहक परिवार जुड़े हुए हैं। इस साल 16.72 लाख मानक बोरे का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 7.82 लाख मानक बोरे का संग्रहण किया जा चुका है। बस्तर के आदिवासी अंचलों में ग्रामीणों के लिए तेंदूपत्ता का संग्रहण आय का मुख्य स्रोत है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रति मानक बोरा में इजाफा करते हुए 5500 रुपये करने का वादा किया गया था। यही कारण है कि संग्राहक ज्यादा से ज्यादा मात्रा में तेंदूपत्ता का संग्रहण करने की तैयारी में थे, लेकिन बेमौसम बारिश के कारण तेंदूपत्ता की खरीदी प्रभावित हो रही है और ग्रामीण संग्राहकों में मायूसी छा गई है। बस्तर वन मंडल अपने खरीदी लक्ष्य से काफी दूर है। हालांकि तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य जून के प्रथम सप्ताह तक चलेगा।



### तेंदूपत्ता खरीदी में लक्ष्य से पिछड़ा बस्तर

बस्तर वन वृत के अंतर्गत चार वन मंडल में बीजापुर में 1 लाख 21 हजार 600 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक खरीदी की शुरुआत ही नहीं हो पाई है। सुकमा वन मंडल में 1 लाख 8 हजार मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक केवल 51 हजार 739 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हुई है। वहीं दंतेवाड़ा में 19 हजार 200 मानक बोरा का लक्ष्य रखा गया है, यहां अब तक 17 हजार 621 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हो गई है। बस्तर वन मंडल में 21 हजार 800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, अब तक 8 हजार 114 मानक बोरा की खरीदी हुई है। पिछले साल की तुलना में इस साल बारिश की वजह से तेंदूपत्ता की खरीदी काफी प्रभावित हुई है।

### बीजापुर में खरीदी की नहीं हुई शुरुआत

मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि बस्तर में पिछले कुछ दिनों से तेज अंधड़ के साथ जमकर बारिश हो रही है। वहीं कुछ जगह पर ओलावृष्टि भी हुई है, इसके कारण तेंदूपत्ता की गुणवत्ता खराब हुई है। यही कारण है कि ठेकेदारों द्वारा मौसम को देखते हुए रोक-रोक कर खरीदी की जा रही है। बस्तर के अंतर्गत चार वन मंडलों में बीजापुर वन मंडल में सबसे बेहतर क्वालिटी का तेंदूपत्ता पाया जाता है, लेकिन यहां पर खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई है। बारिश की वजह से यहां तेंदूपत्ता खराब निकल रहे हैं, जिस वजह से इसकी खरीदारी नहीं हो पा रही है। वहीं बारिश के कारण फड़ में सूख रहे तेंदूपत्ता भी खराब हो रहे हैं।

### आचार संहिता के बाद बनेगी उपयोग की रणनीति

# पैट सीटी पर स्वास्थ्य मंत्री ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में पांच साल से अधिक समय से शो-पीस के रूप में रखी पैट सीटी मशीन के उपयोग के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अफसरों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस आधार पर आचार संहिता के बाद उपयोग के तरीके पर रणनीति बनाई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कुछ समय पहले आंबेडकर अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान कैंसर विभाग में डंप करोड़ों की पैट सीटी मशीन के उपयोग पर गंभीरता दिखाई थी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के साथ अन्य अधिकारियों को तीन माह के भीतर इसके उपयोग के तरीके पर रिपोर्ट देने का कहा था। बीच में लोकसभा चुनाव की व्यस्तता और आचार संहिता लगने की वजह से मामला अटक गया था। जायसवाल ने अफसरों से मशीन के संबंध में एक-एक जानकारी और कोर्ट में हुई कार्रवाई का ब्योरा मांगा है, ताकि इसके उपयोग पर आने वाली तमाम अड़चनों को हटाकर आम हित में इसका उपयोग किया जा सके। पैट सीटी मशीन की खरीदी और वर्तमान में उपयोग के संबंध में जानकारी लेकर रिपोर्ट तैयार करने निर्देश दिए हैं। अनुमान है कि चार जून के बाद आचार संहिता के शिथिल होने के बाद इस मामले में किसी तरह का ठोस निर्णय लिया जा सकता है।



### प्रशासकीय स्वीकृति जरूरी

सूत्रों के अनुसार इस मशीन का लाभ आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को किस तरह मिलेगा, यह मामला प्रशासकीय स्वीकृति पर अटका है। सहमति मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन संबंधित कंपनी के इंजीनियरों को बुलाकर मशीन की उपयोगिता की जांच करेगी। मशीन के माध्यम से मरीजों की टेस्टिंग अस्पताल प्रबंधन के माध्यम से कराई जाएगी अथवा इसके लिए आउटसोर्सिंग की जाएगी, इस पर भी फैसला बाद लिया जाएगा।

### बारिश के पहले दवा का स्टॉक

स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग के अफसरों को अभी से बारिश के मौसम को लेकर अपनी तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज से लेकर प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में हर तरह ही जरूरी दवाओं का स्टाक पर्याप्त मात्रा में होना चाहिए। बारिश के दिनों जो पहुंच विहीन क्षेत्रों के हेल्थ सेंटरों में अतिरिक्त स्टाक में दवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए बराबर निगरानी करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।

### जनहित में उपयोग का पूरा प्रयास

कैंसर मरीजों की जरूरतों और जनहित को ध्यान में रखते हुए उसकी उपयोगिता का पूरा प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए आने वाले दिनों में विस्तृत योजना बनाई जाएगी।

- श्यामबिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री

### गनियारी हत्याकांड की फिर होगी रि ओपनिंग

**भिलाई।** गनियारी हत्याकांड को पुलिस दोबारा री ओपनिंग कर जांच में जुट गई है। हत्याकांड को करीब ढाई माह बीत गया है लेकिन पुलिस को सफलता हासिल नही हो पाई है। पुलगांव थाना क्षेत्र की यह घटना है। आरोपियों के बारे में जानकारी देने वालो के नाम पर आईजी ने 25 हज़ार रुपये का भी इनाम की घोषणा की गई है। फिर भी अंधे क़त्ल का राज दफन हो गया है। उल्लेखनीय है कि 7 मार्च को प्रार्थी केशव राम साहू पिता अर्जुन साहू ने पुलगांव थाना में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह ग्राम गनियारी मे परिवार सहित रहता है। 6 मार्च की रात को प्रार्थी अपने घर से अपनी मां के घर में आकर गाय बैल को कोठा में बांध दिया था। इसके बाद वह घर जाकर सो गया था। 7 मार्च की सुबह 5:00 बजे रोजाना की तरह गाय बैल को बाहर निकालने आया तब बरामदे में उसने लाइट जलाया। जब उजाला हुआ तो उसने देखा पानी की टंकी के पास काफी मात्रा में खून पड़ा हुआ है। उसने तुरंत घर जाकर अपने बड़े भाई निर्मल साहू एवं परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी। जब परिवार वाले घर पहुंचे तो देखख कि श्रीमती राजबती साहू एवं सविता साहू का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ था।

# पिता के वचन का पालन करने भगवान श्रीराम ने काटा वनवास : आचार्य नरेंद्र

### भरत-लीला मेंशन बना अयोध्या, प्रभु के वन गमन पर भक्तों की भर आई आंखे




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय बीटीआई रोड स्थित भरत-लीला मेंशन में लीलादेवी चंद्राकर, सुष्मिता-आलोक चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रीराम कृष्ण जन्म तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्म कथा का श्रवण आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने भक्तों को कराया। आचार्य शास्त्री ने सुकदेव महाराज द्वारा राजा परीक्षित को बताए गए भगवान श्रीराम कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि कैसे अपने पिता राजा दशरथ के वचनों को पालन करते हुए भगवान श्रीराम ने 14 वर्ष के वनवास को सहर्ष स्वीकार कर लिया।

उन्होंने कहा कि भगवान राम जब वन को गए तब पूरा अयोध्यावासी उनके पीछे-पीछे चल पड़े। उन्होंने प्रेम और भक्ति में प्रेम को श्रेष्ठ बताया। उन्होंने कहा कि भक्ति की सीमा होती है, लेकिन प्रेम की पराकाष्ठा नहीं होती। रामायण के सारे पात्र परम वंदनीय तथा पूजनीय है। भगवान राम ने पिता के वचन पालन के लिए वनवास स्वीकार किया। माता सीता ने पति के सानिध्य में स्वर्ग का सुख समझा, भैया लक्ष्मण भाई के प्रेम व सेवा के लिए उनके पीछे चल पड़े। इन सभी में महात्मा भरत का त्याग सबसे श्रेष्ठ है। राम ने 14 वर्ष का वनवास काटा तो भरत ने भी 14 वर्ष तक तपस्वी के वेश में अयोध्या के मुहाने पर प्रभु की प्रतिक्षा की। आचार्य श्री शास्त्री ने कहा कि जो भाई-भाई में शत्रुता की बीज बो दे वह शकुनी है, वह मंथरा है। लेकिन, एक आदर्श भाई बनने की सीख हमें महत्मा भरत, भैया लक्ष्मण से मिलती है।

आज कथा के दौरान प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण व माता जानकी के वन गमन की झांकी का जीवंत प्रस्तुत की गई। भगवान के अयोध्या छोड़कर जाते समय जो दशा अयोध्यावासियों का था, जो पीड़ा उनके मन में थी, नयनों में अश्रू धारा बह रहे थे। वही, दशा आज श्री भरत-लीला मेंशन चंद्राकर निवास में देखने को मिला। सभी भागवत प्रेमियों की आंखे उस समय भर आए जब प्रभु के वनगमन जाते समय मार्मिक भजन की प्रस्तुति हुई। आज के कथा में श्रद्धालुओं की खचाखच भीड़ देखने को मिली। सैकड़ों लोगों ने भागवत कथा का श्रवण किया। ज्ञात हो प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से भरत-लीला मेंशन में भागवत कथा प्रवचन चल रहा है।

### लाखेनगर अमीनपारा, महादेवघाट मार्ग में फागिंग

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में मच्छरों के नियंत्रण के लिए बुधवार से एंटी लार्वा अभियान के साथ ही लाखेनगर, अमीनपारा, महादेवघाट मार्ग पर फागिंग कराई गई। 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर जनजागरूता अभियान चलाया जायेगा। इसके साथ ही शहर की स्लम बस्तियों में मच्छर नियंत्रण के लिए टीम बनाकर फागिंग कराने की तैयारी की गई है। शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचाने नगर निगम प्रशासन 70 वार्डों में रुके हुये पानी वाली जगहों पर एंटी लार्वा और रिहाइशी इलाके में फागिंग करायेगा। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव के मार्गदर्शन में नियमित रूप से फागिंग कराने व्यवस्था की जा रही है। इसकी मानिटरिंग संबंधित जोन के कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने जोन 5 क्षेत्र के ईदगाह भाठा लाखे नगर स्थित निरंकारी भवन में फागिंग कराई गई। इसी तरह अमीनपारा में शाम 7.30 बजे के बाद निगम की टीम फागिंग करने निकली। हाथ चलित मशीन की सहायता से रहवासी इलाके में फागिंग कराया गया।

# 15 कामगारों की टीम पाइप लाइन मरम्मत में जुटी, 8 घंटे तक चला काम

**रायपुर।** फिल्टर प्लांट के 47.5 एमएलडी रॉ वाटर पाइप से 80 एमएलडी प्लांट की नई पाइप लाइन में इंटर कनेक्शन का कार्य बुधवार को किया गया। इसके लिए 15 कामगारों की टीम सुबह 8 बजे से स्पॉट पर उतारी गई। मरम्मत और इंटर कनेक्शन का काम शाम 5 बजे तक चला। पाइप लाइन मरम्मत कार्य पूरा कराने 10 घंटे का शट डाउन लिया गया। इस दौरान शहर की 6 पानी टंकियों में शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रही। इस दौरान तेलीबांधा क्षेत्र से 3 पानी टैंकर की डिमांड प्रभावित इलाकों से आई। बैरनबाजार क्षेत्र में 1 पानी टैंकर की मांग आई, जबकि देवेन्द्र नगर पानी टंकी से कनेक्ट इलाके में लोगों ने सुबह के समय अपनी जरूरत के हिसाब से पानी भरकर रख लिया।



### तकनीकी टीम ने समयावधि पर किया पूरा काम

जल विभाग द्वारा फिल्टर प्लांट के 80 एमएलडी के नये प्लांट के पाइप लाइन में इंटर कनेक्शन कार्य के लिए 15 कुशल कामगारों की टीम लगाई गई। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में 5 सिविल मेकैनिक, 4 वेल्डर, 4 सहायक और 2 हेल्पर के साथ तकनीकी टीम ने 8 घंटे की समय अवधि में यह काम पूरा किया। पाइप लाइन मरम्मत और इंटर कनेक्शन का कार्य पूरा होने के बाद देर शाम बैरनबाजार की नई व पुरानी पानी टंकी, देवेन्द्र नगर नई पानी टंकी, संजय नगर पानी टंकी और महापौर निवास टंकी नंबर 4 को भरना शुरू किया।

### महापौर जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने से मुंह चुराने का काम कर रहे : सोनी

# महापौर के बयान पर सियासत, भाजपा बोली- जिम्मेदारी नहीं संभाल पा रहे तो पद छोड़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के महापौर एजाज ढेबर के उस बयान को गैर जिम्मेदाराना बताया है, जिसमें ढेबर ने कहा है कि रायपुर शहर की समस्याओं का निदान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नहीं कर सकते और वार्डों में जो समस्याएं हैं, यह परेशानी हमेशा बनी रहेंगी।




बयान के बाद भाजपा नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा, निर्वाचित महापौर ने पांच साल तक जनता के साथ अन्याय किया है। एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि का इस प्रकार से बयान अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। वो जिम्मेदारी नहीं संभाल पा रहे हैं, तो उन्हें पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। इधर भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सोनी ने कहा, बड़े-बड़े वादे कर कांग्रेस की नगर सरकार जिस तरह नाकारा साबित हुई है, उसके बाद ढेबर अब जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने से मुंह चुराने का काम कर रहे हैं। दरअसल मेयर समेत तमाम कांग्रेसी नेता जमीनी समस्याओं और उनके सार्थक समाधान के उपायों से पूरी तरह दूर हैं और इसलिए पूरी कांग्रेस जन विश्वास खो चुकी है।

### पांच साल केवल काली कमाई में लगे रहे

सुनील सोनी ने कहा, ढेबर समेत तमाम सियासी जुमलेबाज कांग्रेस नेताओं ने पिछले पांच वर्ष के अपने शासनकाल में केवल शराब कारोबारियों, रेत माफियाओं, जमीन माफियाओं, काली कमाई में लगे बिल्डर्स, घोटालेबाजों के हितों का ही संरक्षण करने और अपनी-अपनी तिजोरियां भरने में अपना सारा ध्यान केंद्रित कर रखा था। श्री सोनी ने कहा कि एक सामान्य आदमी की समस्याओं को जाना होता और उसके समाधान के ठोस उपायों पर ध्यान दिया होता, तो 'समस्या बनी रहेगी' जैसा बयान देने की नौबत नहीं आती।

**खबर संक्षेप**



## राममंदिर में मनाई गई जानकी नवमीं

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में जानकी नवमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर माता जानकी की पूजा अर्चना की गई। जिसमें हीरेंन्द वैष्णव, अनुसुईया चंद्राकर, पार्वती धीवर, मालती चंद्राकर, श्यामबाई चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## एकलव्य कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 18 को

**महासमुंद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन शनिवार 18 मई 2024 को किया गया है। परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिले में कुल 897 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। जिसके लिए 3 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा केंद्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में 348 परीक्षार्थी, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में 200 एवं वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल महासमुंद में 349 परीक्षार्थी प्राक्चयन परीक्षा में शामिल होंगे।

## रामबाई निषाद का निधन

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी भाठापारा निवासी रामबाई निषाद (62) का देहांत 12 मई रविवार को हो गया। अंतिम संस्कार प्रातः 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे शिवकुमार निषाद की पत्नी व पुरुषोत्तम निषाद की मां थीं।

## विधायक ने बोर्ड टॉपर डेनिशा को शॉल और श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

**सरायपाली।** कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में 9वें स्थान हासिल करने वाली डेनिशा प्रधान का क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। विधायक नंद टॉपर डेनिशा प्रधान के गांव कसलबा पहुंची और उनके माता-पिता समेत उनके परिवारजनों से भेंट की। विधायक चातुरी नंद ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों के बावजूद डेनिशा ने जो सफलता अर्जित की है, वो सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। सरायपाली अंचल की बेटियों ने बोर्ड परीक्षा में जो स्थान बनाया है उससे समूचा सरायपाली अंचल गौरवान्वित हैं। बता दें कि सरायपाली की महक अग्रवाल ने बारहवीं कक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह ग्राम मुंडपहार की रिया साहू ने भी कक्षा दसवीं की टॉप 10 लिस्ट में स्थान बनाया है। सभी टॉपरों को विधायक चातुरी नंद ने घर पहुंचकर सम्मानित भी किया है। इस दौरान बोर्ड टॉपर डेनिशा प्रधान के पिता करूणा सागर प्रधान, उनकी माता, चाचा समेत अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में विशेष रूप से उपस्थित थे।

## बीईओ से शिक्षकीय समस्याओं पर की चर्चा

**महासमुंद।** छग टीचर्स एसोसिएशन के बागबाहरा विकासखंड अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व तथा जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, संयोजक लालजी साहू, सचिव नंदकुमार साहू, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, उपाध्यक्ष खिलावन वर्मा, महिला प्रकोष्ठ दमयंती कौशिक, कोषाध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर की विशिष्ट उपस्थिति में एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह मरकाम से भेंटकर शिक्षकीय समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बीईओ बागबाहरा का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए कहा कि ग्रीष्मावकाश के दौरान कार्य कर रहे शिक्षकीय स्टॉफ को विधिवत अर्जित अवकाश प्रदान किया जाए, वर्तमान में विद्यालयों में व्यापक एवं युद्धस्तर पर स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य जारी है। ग्रीष्मावकाश होने के कारण छात्रों से सम्पर्क करने में कठिनाई हो रही है।

**प्रवचन :** चौथे दिन भक्त प्रह्लाद, भगवान नरसिंह अवतार, हिरण्यकशिपु उद्धार व ग्रह गजेन्द्र की कथा सुनाई

# गृहस्थ जीवन की मधुरता संयम और मर्यादा में : पं. तिलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम बोडकी में भागवत कथा व्यास गद्दी से आचार्य पंडित तिलक दुबे ने गुरुवार को एक कथा प्रसंग से जुड़े गृहस्थ जीवन के संदर्भ में कहा की गृहस्थ जीवन में मधुरता लाएं, दाम्पत्य जीवन को सुख शांतिमय के लिए यह आवश्यक है कि उसमें न तो जबरदस्ती से काम लिया जाय और न तथा शवक्य जबरदस्ती को मौका दिया जाय। एक -दूसरे के मनोभावों समझा जाए और नैतिक मर्यादा का पालन करते हुए एक- दूसरे के अनुकूल बना जाए।गृहस्थ में दाम्पत्य तो पति- पत्नी के अद्वैत पर खड़ा होता है। इसलिए अंहकार को छोड़कर एक- दूसरे के यथा योग्य प्रशंसक होना उचित है। समय पर एक- दूसरे की उचित प्रशंसा करने से प्रेम में ताजगी आती है। उसकी मिठास बढ़ जाती है। समय के सदुपयोग पर कहा कि समय हमारे जीवन का पर्याय है। हमारे पास कुल जितना समय है, उतना ही हमारा जीवन है। जो व्यक्ति अपने समय की कद्र नहीं करता, समय भी उसकी कद्र नहीं करता। यही कारण है कि जो समय का अपने जीवन में सही ढंग से सुनियोजन कर पाते हैं, वो ही सफलता के सोपानों पर अपने कदम बढ़ा पाते हैं।






### भक्ति का आधार, आराध्य के प्रति श्रद्धा व विश्वास की डोर है

भक्ति का आधार अपने आराध्य के प्रति अटूट श्रद्धा विश्वास की डोर है, जिसके सहारे साधक निरंतर आध्यात्मिक मार्ग पर प्रगति करता रहता है। अपनी सांसारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए भक्त प्रभु के नाम संकीर्तन से खुद को जोड़ता है। ऐसे में उसकी फिक्र करना परमात्मा की जिम्मेदारी बन जाती है। यह उद्गार ग्राम बोडकी भागवत कथा व्यास पीठ से पंडित तिलक दूबे संतोषी नगर रायपुर वाले महराज भक्त प्रहलाद प्रसंग पर कही है। भागवत कथा के चौथे दिन गुरूवार को श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करा रहे थे। उन्होंने आगे कहा भक्त प्रह्लाद, भगवान नरसिंह अवतार, हिरण्यकशिपु उद्धार,ग्रह गजेन्द्र की कथा को विस्तार दिया। इसके अलावा उन्होंने भक्त प्रहलाद की कथा से उदाहरण देकर भक्ति भाव के आधार माध्यम की शक्ति के बारे में बताया। कहा कि निशाचर कुल में जन्म लेने के बाद भी भक्त प्रह्लाद ने ईश्वर की भक्ति से परमात्मा को प्राप्त किया। ऐसे ही ने अपनी मां की प्रेरणा से कठोर तपस्या की और संसार का सर्वोच्च पद ग्रहण किया। आज भी गुरु की कृपा और अपनी साधना के बल पर मनुष्य खुद की जिंदगी संवारते हुए जगत में आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है। इस अवसर पर रामचंद दिवान, भगवती, सुशील, मिथलेश, गजेन्द्र,नीतू, चन्द्रमणी, पुष्पा, तोमलेश, दीनबंधु, नोमेश नीतू, ललित सिन्हा, नेतराम सिन्हा, थन्नू साहू, बसंत पटेल, वेदराम साहू, रामजी साहू, कुंभ सिन्हा, होरीलाल ध्रुव, पोहत ध्रुव, भोज साहू, होरीलाल साहू व लोकनाथ यादव उपस्थित थे।

## बकली के पाठक पुस्कार पाकर हुए खुश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम क्षेत्र के बकली गांव में हरिभूमि के पाठक टीकमचंद साहू, परमेश्वर साहू, भुनेश्वरी साहू, ओमप्रकाश साहू, कुंदराम साहू, वाकेश्वर साहू, गोविंद यादव, त्रिलोक धोबी, महादेव साहू, प्रदीप साहू, छाया साहू, जलवन्तीन साहू पुरस्कार प्राप्त कर खुश हुए और कहा धन्यवाद हरिभूमि। इन पाठको ने कहा कि हरिभूमि हमें प्रिय लगता है। हम इसके नियमित पाठक है।



## हरिभूमि पाठक उपहार योजना में 9 पाठक शामिल









हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ग्रामीण अंचल की ताबड़तोड़ समाचार के लिए हरिभूमि पेपर का कोई जवाब नहीं। सबेरे चाय के चुष्कियों के साथ हरिभूमि रोज होता है हमारे हाथों मे उक्त बाते हरिभूमि पाठक योजना 2023 मे सांत्वना पुरूष्कार के हकदार हुए पाठकों ने सात्वना पुरूष्कार प्राप्त करते हुए हरिभूमि संवाददाता दीपक पोद्दार से कहीं।हरिभूमि पाठक उपहार योजना मे 9 पाठक शामिल हुए। नौवा पुरूष्कार मे केटल बाक्स पुरूष्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक लुकेन्द्र श्रीवास ने कहा कि मेरे दिवंगत पिता जी के समय से हमारे घर मे हरिभूमि अखबार आ रहा है। वे बड़े ही चाव से सुबह अखबार पढ़ा करते थे। उनके बाद मेरे द्वारा भी प्रतिदिन अखबार का अध्ययन कर अंचल के साथ साथ देश- विदेश की खबरों का अध्ययन करता हूं। बीच- बीच में पाठकों के उत्साह वर्धन के लिए इस प्रकार की उपहार योजना चलाया जाना अत्यंत ही प्रशसनीय है। फिंगेश्वर प्रतिनिधि के माध्यम से नगर सहित अचल के खबरों से ज्ञात होता है कि क्षेत्र में क्या हो रहा है। शहीद अजुंम खान ने कहा कि मेरे पिता जी स्कूल के शिक्षक रहे हैं। जब भी स्कूल में कोई कार्यक्रम होता रहा है उनके समाचार को संवाददाता द्वारा प्रकाशन कराया गया। जिससे अखबार के प्रति हमेशा रूचि बनी रहती है। ठेला चलाने वाले संतोष निषाद ने बताया कि हरिभूमि पेपर ही मेरे मनोरंजन का सबसे बड़ा माध्यम है ग्राहकी करते करते वे दिन भर मे पूरा अखबार पढ़ जाते हैं।प्रारंभ से ही उन्हे हरिभूमि के प्रति लगाव रहा है। इसी प्रकार सांत्वना पुरूष्कार प्राप्त करने वाले ग्राहक द्रोपति साहू, दीक्षा कुदेशिया, गोपेश विश्कर्मा, कुलदीप साहू, कुंजनलाल साहू एवं रवि बंछोर ने भी हरिभूमि प्रबधन की प्रशंसा की है।

# 10वीं में प्रशांत व 12वीं में हेमलता प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल जामगांव में कक्षा 10वी में प्रशांत कुमार 87.16 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में कुमारी हेमलता 79.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

परीक्षाफल की जानकारी देते हुए शाला के प्राचार्य श्रीमति भारती साहू ने बताया कि शाला में प्रारंभ से सभी शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा की चिंता करते हुए सभी विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत एवं नियमित पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया वहीं पर कक्षाओं मे नियमित अध्यापन कराया जिसके फलस्वरू छात्रों ने रिजल्ट मे बेहतरीन परिणाम लाया है। कक्षा 10वीं में प्रंशात एवं 12 वीं मे हेमलता ने प्रथम स्थान पाया है। वहीं पर स्कूल में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 83.16 ने के वहीं पर 12वीं में 80 प्रतिशत है। कक्षा 10वी में द्वितीय स्थान वेद प्रकाश 84.16 प्रतिशत तृतीय स्थान में अभय कुमार 83.16 है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में द्वितीय स्थान मोनिका 76.60 एवं तृतीय स्थान कुमारी गूंजन सिन्हा का 75.40 प्रतिशत है। छात्रों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर संस्था के प्राचार्य भारती साहू, बोर्ड प्रभारी विद्याभूशण साहू, अजय तिवारी, जेके दीवान, एस जांगडे, केसाहू, बिरेन्द्र सोनी, विकेश कुमार सूर्यवंशी, व्यायाम शिक्षक बुधलाल नेगी, विनोद कुमार साहू, जयकुमार शर्मा, तुशार विमल भोई ने प्रसन्नता जाहिर करते सभी छात्रों ने उतीर्ण छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पुरस्कार पाकर पाठकों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)

गुरूवार को हरिभूमि पाठक उपहार 2023 के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार पाकर विजेता प्रतिभागी काफी उत्साहित नजर आए नवा पुरस्कार कैटल बॉक्स हरक राम विश्वकर्मा पाटसिवनी सांत्वना पुरस्कार भानु राम साहू पाटसिवनी, मोहन नेताम परसदाखुर्द, कुबेर यादव परसदाखुर्द, दालचंद सोनकर पिपरहट्ठा को पुरस्कृत किया गया।



## आत्मानंद स्कूल को लेकर जनता को भ्रमित कर रही है कांग्रेस : सरला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कांग्रेस आत्मानंद स्कूल को लेकर जनता को गुमराह और भ्रमित कर रही है कि भाजपा आत्मानंद स्कूल का नाम बदल कर पीएमश्री करने वाली है। जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। सम्पूर्ण भारत में मोदी सरकार द्वारा प्रथम चरण में 10वीं और 12 वीं के 14500 एवं छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण में 211 एवं द्वितीय चरण में 500 स्कूलों को पीएमश्री योजना के तहत लगभग 2 करोड़ रुपये खर्च कर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस जैसे कि पर्याप्त फर्नीचर, शिक्षक और पढ़ाई के बेहतर वातावरण के साथ संचालित करना चाहती है, जिससे विद्यार्थियों को आसानी से पढ़ाई का अच्छा वातावरण मिल सके और वे विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर सरलता और सहजता से बढ़ सके। परंतु, अभी से कांग्रेसियों के पेट में दर्द होना शुरू हो गया है और जनमानस में भ्रम फैला रही है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल का नाम मोदी द्वारा बदल दिया जाएगा। मोदी की पूरे विश्व में बढ़ती हुई लोकप्रियता और कुशल नेतृत्व को पचा नहीं पा रही है।

श्रीमती कोसरिया ने बताया कि देश में जब कांग्रेस को 60 से 70 साल काम करने का मौका तो उन्होंने कभी जनता या किसी भी वर्ग के लिए न काम किया और न ही किसी की चिंता की सिर्फ और सिर्फ गांधी परिवार का ही विकास किया है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रति युवाओं में भारी उत्साह





हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

■ प्रीमियम लीग प्रतियोगिता में 56 क्रिकेट टीमों ने लिया भाग

जिले के दूरस्थ वनांचल मैनपुर क्षेत्र में पहली बार विशाल स्तर पर रात्रिकालीन मैनपुर प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है, 11 मई से क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पैरी स्टेडियम में भाठीगढ में किया गया है और क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रति युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है रात 03 बजे तक इस प्रतियोगिता में युवाओं व ग्रामीणों की भीड देखने को मिल रही है, क्रिकेट प्रतियोगिता मे कुल 56 टीमों ने भाग लिया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 50 हजार रूपये एंव द्वितीय पुस्कार 25 हजार रूपये तथा अनेक आकर्शक पुरस्कार रखे गये है इस क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने आयोजक समिति के प्रमुख रशीद खान, टीकम पटेल, ओशिश साहू,कोमल साहू,नजीब बेग, उमेन्द्र, दुर्गा प्रसाद यादव, उपेंद्र साहू चूड़ामणि, टीकम देवशी, अजय राजभर देवचरण टिंकू लिबास पटेल, राकेश कुमार, आमिर मेमन, आमीन खान, नेलशन बाघमार, चुरामन, संजू निर्मलकर, प्रेम नेताम, अजय राजभर, प्रशांत ध्रुव, टींकु, देवचरण, गोंविंदा, खोवलाल, आदित्यराज, मोहम्मद आसीफ, गौकरण, दीपक सोनवानी, संजय, बंटी पटेल, यमन पटेल सहित क्षेत्र के युवाओं द्वारा बेहतर योगदान दिया जा रहा है।

पेज 9 के शेष...

### भवनविहीन शोभा...

ने बताया वर्ष 2017 में ग्राम शोभा मे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ किया गया है, लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है, उन्होने आगे बताया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सेटअप के अनुसार यहां सुविधाओं की कमी है। डॉक्टर नियुक्ति करने प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

पूरा सेटअप व्यवस्था करने की मांग- जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जनपद सदस्य घनश्याम मरकाम, अजय नेताम, सखाराम मरकाम, रमुला बाई, सुनील मरकाम, भुनेश्वर नेगी व राजापडाव गौरगांव क्षेत्र के लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शोभा में भवन के साथ ही डॉक्टर एम्बुलेंस और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पूरा सेटअप व्यवस्था करने की मांग किया है।

### सुपेबेड़ा की तेल...

मितानिन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को प्रशिक्षण देने के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने उपस्थिति पंजी, दवाई स्टाक पंजी, रिकार्ड रूम सहित अन्य पंजियों का अवलोकन कर उन्हें व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। साथ ही खिड़की, दरवाजे, वाशरूम का मरम्मत करने तथा अस्पताल परिसर को साफ-सफाई करने कहा। उप स्वास्थ्य केन्द्र में बाउंड्रीवाल के लिए प्राक्कलन तैयार करने, निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में वायरिंग एवं टाइल्स के कार्य को शीघ्र पूरा कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान ग्राम दीवानमुड़ा के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक दिलीप पैकरा नियत समय पर स्वास्थ्य केंद्र में अनुपस्थित पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

### अभिकर्ताओं को...

(रा.) एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र 54 राजिम एवं 55-बिन्द्रानवागढ़ को निर्देशित किया है कि मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए एक-एक कैल्कुलेटर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल पर निम्न सामग्रियां साथ ले जाने की अनुमति होगी। जिसमें मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, कोरा कागज, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किये गये ईवीएम एवं वीवीपेट की सूची जो लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लायी गई है, प्लास्टिक पेन व पेंसिल, मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था हेतु अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जायेगा।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## योगिता को10वीं में मिले 82 % अंक



**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा ब्लॉक के करकरा निवासी कुमारी योगिता रमा यादव ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा इंग्लिश मीडियम में अपने स्वामी आत्मानंद पंडित रामविशाल पांडे हायर सेकेण्डरी स्कूल राजिम में 82 % अंक प्राप्त किया है। जिस पर परमानन्द यादव, तुलश राम, थानेश्वर यादव, संजय एक्का प्राचार्य, नारायण लाल साहू, अंगेश गड्डेले, पिता जीवन यादव, माता भगवती यादव, रूचि, रूपम, रीना, राज यादव ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

## डिंपल ने 10वीं में प्राप्त की 91.3% अंक



**गरियाबंद।** ग्राम हरदी निवासी कुमारी डिंपल साहू ने हाई स्कूल हरदी में कक्षा 10वीं में 91.3% अंक प्राप्त किया। जिस पर ग्राम समाज ने उज्वल भविष्य की कामना की है । डिंपल का सपना है की वह डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती है।

## दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा में दिव्यांग छात्रों का बेहतर प्रदर्शन, बढ़ाया जिले का मान

**महासमुंद।** दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा में दिव्यांग छात्रों ने भी उच्चतम अंक अर्जित कर जिले का मान बढ़ाया है। इन दिव्यांग छात्रों की सफलता पर शिक्षा विभाग ने भी सराहना की है। और आगे बढ़ने प्रेरित किया है। महासमुंद विकासखंड में कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं का परिणाम बहुत ही अच्छा रहा। इस वर्ष दिव्यांग छात्रों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण किए है। कक्षा दसवीं में 9 बच्चों ने सफलता हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं में 13 दिव्यांग बच्चों ने सफलता हासिल किया। कक्षा दसवीं में सुधीर यादव 66 प्रतिशत, संगीता साहू 61, कक्षा 12वीं में दिनेश कुमार 73, गगन तिवारी 67, ओंकार साहू 64, निर्भय दास मानिकपुरी 60 प्रतिशत के साथ सफलता अर्जित किया है। दिव्यांग बच्चों के सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी डीएन जांगड़े, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जागेश्वर सिन्हा, बीआरपी अनीता निर्मलकर, स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू, लेखापाल रेणू चंद्राकर, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रवीण सोनकुंवर, केशव साहू और भुवनेश्वर साहू ने हर्ष जताया है।

## दृष्टिबाधित आरती को दसवीं बोर्ड परीक्षा में मिले 72 प्रतिशत अंक

**सरायपाली।** मन में लगन व आत्मविश्वास हो तो कठिन से कठिन कार्य भी सफल होते हैं। इसे वास्तविकता के धरातल पर उतारा है किसडी स्कूल में कक्षा 10 वी में अध्ययनरत दृष्टि बाधित छात्रा आरती सेठ ने। बचपन से दृष्टि बाधित होने के बावजूद उसके उत्साह व लगन व मेहनत में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखती। प्रत्येक कार्य को वह सामान्य प्रक्रिया के तहत ही सफलतापूर्वक संपन्न करती है। वह घर व परिवार पर बोझ न बनकर स्वयं प्रत्येक कार्य कर लेती है। उसकी इच्छा है कि वह बड़ी होकर स्वयं अपने पैर पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बन सके। आरती के इस परिकल्पना को साकार करने में सरकार की समावेशी शिक्षा बहुत ही कारगर साबित हुई। साथ ही समावेशी शिक्षिका बीआरपी रंभा जायसवाल द्वारा पूरी सजगता के साथ आरती के साथ ही अन्य बच्चों को भी पूरी मेहनत व आत्मीयता के साथ शिक्षा देती रहीं हैं। शिक्षिका रंभा जायसवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र रावल एवं बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल ने छात्रा आरती सेठ को समावेशी स्मार्टफोन प्रदाय किया। साथ ही स्मार्टफोन प्रशिक्षण के लिए निमोरा रायपुर ले जाया गया। स्मार्टफोन के माध्यम से प्रशिक्षण देकर बच्चों को सहयोग दिया गया। दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रशिक्षण से प्राप्त गतिविधियों का प्रयोग कर कक्षा दसवीं की परीक्षा के दौरान राइटर (सहयोगी) उपलब्ध कराया।

### प्रतिक्रिया : नवापारा की सड़कें हो रही खून से लाल, दुर्घटना पर लोगों ने दी अपनी प्रतिक्रिया

# सड़क हादसे में घायल हुए लोग, खाट में पड़े हैं तो कई की जिंदगी अस्पताल आने-जाने में बीत रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा की सड़के आए दिन खून से लाल हो रही है। माताएं विधवा हो रही है। कमाने वाले बेटे हाथ से निकल रहे, माता की गोद सूनी हो रही है और ये सब सिर्फ लापरवाह तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों की करस्तानी से हो रहा है। नशे की हालत में रहकर ड्राईविंग करना, दाएं-बाएं का ख्याल न रखना, सड़कों पे मनमर्जी चलना, जैसे ढेर सारे कारण है जिसके चलते रोज घटना-दुर्घटना हो रही है। इन घटना -दुर्घटनाओं में लोग असमय ही मौत के मुंह में समाते चले जा रहे है। सैकड़ों ऐसे केस भी है जिसमें लोग अपंग अपाहिज की जिंदगी जीने पर मजबूर है कईयों के हाथ पैर टूटे हुए है जो खाट में पड़े है तो कईयों की जिंदगी अस्पताल आने-जाने में बीत रही है। ऊपर से हजारों-लाखों रूपए ईलाज में बर्बाद हो रहे है। दुर्घटना का दूसरा बड़ा कारण इस शहर के भीतर से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे में स्पीड ब्रेकर का न होना भी है। ऐसे प्वाइंट में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक टर्निंग, बस स्टैंड के सामने, चंपारण चौक, मेडम चौक, और पारागांव- इंदिरा मार्केट क्रास रोड ज्यादातर डेंजर प्वाइंट है जहां रोज दुर्घटना होती है। इन प्वाइंटो पर ब्रेकर बनाया जाना बेहद जरुरी है। पुलिस थाना भी बस्ती से दूर है, लिहाजा लोगों में डर भय नाम की चीज नहीं रह गया है। पुलिस के जवान दिखेंगे तो लोग ऐसे भी सावधानी से चलेंगे। अभी हाल के दिनों में मेडम चौक और नगर पालिका के पास दुर्घटना में दो व्यक्ति की जान चली गई।

दिसंबर में तीन लोग काल के गाल में समा गए। दिसंबर में जब 12 तारीख को दुर्घटना हुई तो उसमें एक ही परिवार के दो मासूम बेटी और बाप की मौत हो गई थी। फिर तो शहर अशांत हो गया था। कई घंटो तक चक्का जाम हुआ, शहर पूरा दहशत में आ गया। ऐसी ही कईयो दुर्घटनाएं इस शहर के भीतर सड़को पर हो चुकी है जिसमें दर्जनों जाने चली गई है। मतलब साल में कम से कम 8-10 लोगों की जाने जा रही है। एक तरह से इस शहर के लिए होने वाली सड़क दुर्घटना केंसर से भी ज्यादा खतरनाक हो गया है। इस पर रोक या नियंत्रण कैसे होगा? यह चिंता का विषय बन गया है। शहर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, डॉ. प्रोफेसर, सारे लोग चिंता जाहिर कर रहे है।



ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ **मधुसुदन शर्मा** का कहना है कि शहर में हो रही दुर्घटनाओं एवं तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम कसने पुलिस को व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाकर जागरूक व्यक्तियों को जोड़े और प्राप्त सुचनाओं पर तत्काल कार्यवाही हो। इससे तेज गाड़ी चालन करने वालो में भय व्याप्त होगा। इसके अलावा पूरे नगर में सभी मार्गो पर बड़े होडिंग्स लगाकर भारी माल वाहक वाहनो को सुबह 6 से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंधित करे।



जिला पंचायत सदस्य **रानी पटेल** ने कहा कि दुर्घटना के लिए लोग स्वयं ही जिम्मेदार है। गाड़ी चलाते रहेंगे,मोबाइल में बात करते रहेंगे,सड़क पर ध्यान नही होगा तो जाहिर है दुर्घटना तो होगी ही। नशापान करके गाड़ी चलाना आम बात हो गया है। इसलिए पुलिस को इस पर सख्ती के साथ कारंवाई जरूर करना चाहिए।





वार्ड नं 4 शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक **गोपाल यादव** ने कहा कि शहर में आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को पुलिस जनजागरण से रोक सकती है। भारी वाहनो का दिन में शहर के अंदर प्रवेश न हो तथा तेज रफ्तार वाहन चलाने वालो को चिन्हित कर तत्काल उन पर कार्यवाही हो। अल्कोहल टेस्टिंग मशीन से पुलिस जांच करे और उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। तेज रफ्तार और नशे में ड्राईविंग करने वालों के लिए मेरा संदेश है कि जीवन बहुमूल्य है इसे यूं ही ना गवाएं।



आईसेक्ट कम्प्यूटर के संचालक **बलराम देवांगन** ने कहा कि नगर में आए दिन हो रही दुर्घटना बहुत ही शोक एवं चिंता का विषय है। शहरी क्षेत्र के सीमा में बड़े-बड़े वाहन तेज रफ्तार से बेखौफ दौड़ रहे है दुर्घटना के बाद पुलिस की कार्यवाही कुछ दिनों तक रहती है फिर यथास्थिति हो जाती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक, मैडम चौक, नेहरू गार्डन, राजिम पुल के पास ट्रैफिक पुलिस की अनिवार्य व्यवस्था की जानी चाहिए।



श्री सालासर सुन्दरकाण्ड जनकल्याण समिति के संस्थापक **राजू काबरा** ने कहा कि नगर के भीतर दौड़ रहे हाइवा,ट्रक को कंट्रोल करने की जरूरत है। लोगो को निगलने के लिए काल रूपी वाहन दौड़ रहे है। अब तक पता नही कितने घरों के चिराग उजड़ गए।



आत्मानंदस्कूल के प्राचार्य **संजय एक्का** ने कहा कि सड़क दुर्घटना के लिए प्रत्येक नागरिक जिम्मेदार है। तेज गति से शराब पीकर वाहन चलाना, ओवरटेक ,आवारा मवेशी के मालिकों की पहचान कर उन पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए से सब दुर्घटना के कारण बनते है।



सेजेश की मेम **समीक्षा गायकवाड़** ने कहा कि तेज रफ्तार, नशे में चालन, सड़क मोड़ पर ब्रेकर का नही होना दुर्घटना का बड़ा कारण बनता हैं।



**मनीष शर्मा** ने कहा कि शहर में सड़क सुरक्षा का परिदृश्य बेहद निराशा जनक है तमाम प्रयासों के बावजूद लगातार हादसो में कमी नहीं हो पा रही है हादसे का बड़ा कारण ओवरस्पीडिंग है। तेज रफ्तार और नशे में रहकर ड्राईविंग करने वाले तो अपनी जान जोखिम में डाल रहे है दूसरो के लिए भी घातक बन रहे है।



**संजीव सोनी** ने कहा कि ट्रेफिक पुलिस की तैनाती बहुत ही आवश्यक हो गया है। सुबह 7 से रात 10 बजे तक भारी वाहनो पर प्रतिबंध लगना चाहिए। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालो पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। शहर के उद्योगपति मनमोहन अग्रवाल ने कहा कि ब्रेकर इसका हल नही है जब तक कि प्रशासनिक कंट्रोल नही होगा। ज्वेलरी शॉप के संचालक प्रफुल्ल बोथरा ने कहा कि एक जिम्मेदार व्यक्ति गाड़ी जिम्मेदारी के साथ चलाता है परंतु नशे में रहने वाले बेहिसाब चलाते है इसलिए दुर्घटना हो जाती है। पुलिस को लगातार अभियान चलाना चाहिए और नशेड़ियो के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए जो नशे में रहकर वाहन चला रहे हो।




सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक **विजय कटरे** ने कहा कि वाहन दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण वाहन चालक को लाईसेंस बिना किसी टेस्ट के सामान्य नियमों की जानकारी के बिना ही लाईसेंस दे देना है। वाहन चालक और दोपहिया में पीछे बैठने वाला,पूरे समय मोबाइल उपयोग करता है, जिससे दोनों ही सुरक्षा के प्रति लापरवाह हो जाते हैं और दुर्घटना के शिकार होते हैं। खराब सड़कें और बेतरतीब स्पीड ब्रेकर,भी दुर्घटना का कारण बनते है।



नवापारा थाना प्रभारी **अवध राम साहू** ने साफ-साफ कहा है कि नशे में रहकर लापरवाहीपूर्वक तेज रफतार चलाने वालो के खिलाफ चालानी कार्रवाई तो होगी ही इसके अलावा भी ऐसे लोगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। श्री साहू ने पालको से अनुरोध किया है कि वे अपने नाबालिक बच्चो को हरगीज दुपहिया वाहन चलाने न दें। शहर के भीतर यदि कोई भी भारी वाहन तेज रफतार में दौड़ रही हो तो उसकी सूचना तत्काल दें पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी उसे पकड़ेगी।

## प्रतिबंधित लाल ईंटों का खुलेआम हो रहा उपयोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

खनिज एवं पर्यावरण नियमों का हवाला देते हुए शासन के द्वारा मिट्टी से बनने वाली लाल ईंटों के निर्माण को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। किन्तु धरातल पर ये नियम कायदे केवल कागजों तक ही सिमटती दिखाई पड़ रही है। वहीं क्षेत्र में निर्माणाधीन निजी भवनों के अलावा सरकारी भवनों पर भी प्रतिबंध होने के बावजूद लाल ईंटों से ही निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। जिसमें नियम के विरुद्ध विभागीय उप अभियंताओं के द्वारा सरकारी निर्माण कार्यों के मूल्यांकन कर ठेकेदारों को राशि के भुगतान भी कराए जा रहे हैं। वहीं ठेकेदारों को इस अवैध कारोबार में शासन-प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है। इसलिए अवैध लाल ईंट भट्ठियों के संचालकों में कार्यवाही को लेकर शासन-प्रशासन का कोई भी डर भय नहीं है।

## मतगणना के लिए प्रशिक्षण 22 को

**गरियाबंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना के संबंध में 22 मई को प्रातः 10 बजे से महासमुंद के जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने उक्त प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना सहायक रिटर्निंगे ऑफिसर, प्रत्येक विधानसभा के लिए मास्टर टेनर्स एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी, पोस्ट बैलेट नोडल अधिकारी, ईवीएम नोडल अधिकारी, सुरक्षा नोडल अधिकारी एवं प्रोग्रामर को नियत तिथि एवं समय पर उपयस्थित होने के निर्देश दिये हैं। इनमें जिला स्तर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, जिले के टेबुलेशन प्रभारी रंजीत कुमार बरनवाल, ईवीएम नोडल अधिकारी अनुज शर्मा, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी विशाल महाराणा, आईटी के नोडल अधिकारी नेहरू निराला, एवं सहायक प्रोग्रामर गिरीश चन्द्राकर शामिल है। इसी तरह राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सहायक रिटर्निंग अधिकारी अर्पिता पाठक, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एलन मिंज, मिथिलेश देवांगन, अशोक पाण्डेय एवं मास्टर ट्रेनर श्री बंटी राय शामिल है। इसके अलावा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सहायक रिटर्निंग अधिकारी हितेश पिस्दा, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर चंदन राय, जितेश कुमार गजभिये, ओमप्रकाश देशमुख एवं मास्टर ट्रेनर छन्नु लाल तारक शामिल है।

## सतनाम सेना के ब्लाक अध्यक्ष बने घनश्याम रात्रे

**फिंगेश्वर।** अखिल भारतीय सतनाम भंडारपुरी धाम के प्रदेश अध्यक्ष खुशवंत साहेब के आदेशानुसार अखिल भारतीय



सतनाम सेना के महासमुंद जिला के जिलाध्यक्ष अजय सतनामी के अनुशंसा से फिंगेश्वर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम रात्रे पाली को नियुक्त किया गया है, जिसको लेकर सतनामी समाज के युवाओ में हर्ष की लहर है। इसी प्रकार कुमार सोनवानी पाली को उपाध्यक्ष, रूपचंद भारती पाली को कोशाध्यक्ष, शिवा मांडले फिंगेश्वर को सचिव, सहसचिव कुष्णकुमार सोनवानी पाली, महामंत्री– कुंदन खुंटे भसेरा एवं मिडिया प्रभारी अजय मारकंडे पाली को नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे गैंदराम सोनवानी, किशोर बांधे, खेलु बांधे, राजू भारती, लालजी बांधे, रवि बांधे, जीवन भारती, दयालु राम भारती का चयन हुआ। इसी प्रकार सदस्य के रूप मे कोमल बांधे, देवीचरण बांधे, यादराम सोनवानी, गोविंदा कुर्रे, लिलेश बांधे, भुनेश्वर बांधे, अरूण मारकंडे, चंदन कुर्रे को बनाया गया।

## बच्चों को नैतिक शिक्षा, डांस व रंगोली की कलाओं में किया जा रहा पारंगत

**बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता व प्रतिभाओं को निखारने समर कैंप : बीइओ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- बच्चों को सभी विधाओं में मिल रही जानकारी

प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में समर क्लास अनोखा अंदाज में ग्राम के पालक बालक हो रहे हैं। शामिल बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने लगाया जा रहा है। समर कैंप जिसमें बच्चों को विभिन्न विधाओं में जैसे छत्तीसगढ़ी में गोठबात, मेहंदी, डांस, रंगोली, नैतिक शिक्षा, पेपर क्राफ्ट इत्यादि कलाओं में पारंगत किया जा रहा है। प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में पहुंचे विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी ने कहा कि समर क्लास लगाने में शिक्षक खोमन सिन्हा का विशेष योगदान है। लगातार इनके द्वारा किए जा रहे रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति का विकास हो रहा है। साथ ही बच्चे पूरी उत्साह एवं उमंग के साथ इस समर क्लास में भाग ले रहे हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी बच्चों को बारी-बारी से समर क्लास के बारे में पूछा गया। जिसमें सभी बच्चों ने तत्परता से जवाब देते गए कक्षा पहली के गगन चतुर्वेदी से कविता पूछने पर छोटे-छोटे कदम हमारे कविता सुनाया गया। जिसे सुनकर सर ने सभी बच्चों से ताली बजवाया और शाबाशी दिया साथ ही यह निर्देश भी दिया कि बच्चों को निर्धारित समय तक ही रखा जाए उनको एक निश्चित समय के बाद छुट्टी दे दिया जाए।





समर क्लास में ग्राम से आए हरि साहू ने बताया कि हमारे ग्राम के प्राथमिक शाला में नित्य प्रतिदिन नया-नया कार्यक्रम शिक्षक खोमन सिन्हा के द्वारा चलाया जा रहा है जो निश्चित ही बधाई पात्र हैं हम समस्त ग्रामवासी आभारी हैं जो इस प्रकार से रचनात्मक कार्य कराने वाले शिक्षक हमारे प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द मे पदस्थ है ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मयाराम साहू ने कहा कि भीषण गर्मी में भी शिक्षकों के द्वारा समर क्लास लगाया जा रहा है जो बहुत ही प्रशंसनीय है हमारे बच्चों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ शिक्षकों के द्वारा शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है जिससे हमारे बच्चे सभी विधाओं में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षक खोमन सिन्हा ने बताया कि समर क्लास लगाने का हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़कर रखना है ताकि बच्चे ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूल आए तो उन्हें आगे की पढ़ाई करने में सरलता महसूस हो और किताबों की पढ़ाई के साथ-साथ अपने दैनिक दिनचर्या व्यवहारिकता शारीरिक ज्ञान और नैतिक शिक्षा के प्रति भी सजग हो सके।

## बारिश की मार से पीले पड़ रहे हैं हरा सोना, संग्रहण कार्य धीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



क्षेत्र में इन दिनों हरा सोना के नाम से विख्यात तेन्दुपत्ता की तोड़ाई शुरू हो चुकी है, लेकिन मौसम की मार ने संग्राहक परिवारों के माथे पर चिंता की लकीरे खींच दी है। क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों के लिए तेन्दुपत्ता एक बड़ी आय का जरिया होता है, लेकिन लगातार मौसम में उतार चढ़ाव, बारिश, आंधी व तुफान से तेन्दुपत्ता संग्रहण कार्य रूक गया है, साथ ही तेन्दुपत्ता पीला पड़ रहा है और उसके क्वालिटी में भी भारी अंतर दिखाई दे रहा है, जिसके कारण संग्राहकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। बारिश के चलते गुणवत्ता पर असर होने एवं ठेकेदार द्वारा खरीदी बंद करने से संग्राहकों की चिंता सता रही है और लोगों के द्वारा तेन्दुपत्ता खरीदी पुनः प्रारंभ करने की मांग किया जा रहा है।

